*मानननीय राज्यपाल का अभिभाषण*
*अत्यावश्यक*
e-mail

पत्र संख्या–सं0का0–1/वि०मं०(राज्यपाल अभि०)–01–03/2024–......97....../

# बिहार सरकार
## संसदीय कार्य विभाग

**प्रेषक,**

**अनुपम कुमार,**
सचिव।

**सेवा में,**

**सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,**
सरकार के सभी विभाग, बिहार। (निगरानी, पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण, अल्पसंख्यक कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, खान एवं भूतत्व, वित्त, गन्ना उद्योग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, सूचना प्रावैधिकी एवं निर्वाचन विभाग को छोड़कर)

पटना, दिनांक–...15.01...2025

***विषय :*** ***बिहार विधान मंडल के बजट सत्र, 2025 के अवसर पर दोनों सदनों के एक साथ समवेत अधिवेशन में माननीय राज्यपाल के अभिभाषण हेतु प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।***

***प्रसंग :*** ***संसदीय कार्य विभाग का पत्रांक–1109, दिनांक–16.12.2024***

महाशय,

उपर्युक्त विषयक विभागीय पत्रांक–1109, दिनांक–16.12.2024 (प्रति संलग्न) का कृपया निदेश किया जाए। माननीय राज्यपाल के अभिभाषण का प्रारूप तैयार करने हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 की उपलब्धियाँ एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 के भावी कार्यक्रमों एवं अन्य नीति विषयक सामग्री अब तक अप्राप्त है।

अतः अनुरोध है कि अपने विभाग से संबंधित विभागीय प्रतिवेदन, भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं गत वर्ष के माननीय राज्यपाल अभिभाषण का अनुपालन प्रतिवेदन दो प्रतियों में (हार्ड कॉपी) तथा एक सी0डी0/पेन ड्राईव (सॉफ्ट कॉपी) **(M.S. Word Package, Font-Kruti Dev 010)** के साथ अविलम्ब भेजने की कृपा की जाय।

इस संदर्भ में **दिनांक–17.01.2025 को 11:30 बजे पूर्वाह्न** में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में समीक्षात्मक बैठक आहूत की गयी है। उक्त बैठक में विभागीय प्रतिवेदन के साथ भाग लेने हेतु अपने विभाग के नोडल पदाधिकारी को निदेशित करने की कृपा की जाय।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन,
14/01/25
(अनुपम कुमार)
सचिव।

*अनुलग्नक–यथोपरि।*

13-01-2025

माननीय राज्यपाल का
अभिभाषण
अत्यावश्यक

पत्र संख्या–सं0का0–1/वि०मं०(राज्यपाल अभि०)–01–03/2024–1109/

-01-

# बिहार सरकार
## संसदीय कार्य विभाग

**प्रेषक,**

**अनुपम कुमार,**
सचिव।

**सेवा में,**

**सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,**
सरकार के सभी विभाग, बिहार।

पटना, दिनांक–16.12.2024

*विषय :* ***बिहार विधान मंडल के बजट सत्र, 2025 के अवसर पर दोनों सदनों के एक साथ समवेत अधिवेशन में माननीय राज्यपाल के अभिभाषण हेतु प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।***

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि बिहार विधान मण्डल के आगामी बजट–सत्र (वर्ष 2025) के अवसर पर दोनों सदनों के एक साथ समवेत अधिवेशन में बिहार के माननीय राज्यपाल का अभिभाषण होता है। माननीय के अभिभाषण का प्रारूप तैयार करने हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 की उपलब्धियाँ एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु भावी कार्यक्रमों एवं अन्य नीति विषयक सामग्रियों की आवश्यकता है।

2. ध्यातव्य है कि माननीय राज्यपाल के अभिभाषण से सरकार की नीतियाँ एवं विकास कार्य परिलक्षित होता है। ऐसी स्थिति में यह अपेक्षित है कि अभिभाषण सामग्री विस्तृत एवं तथ्यपरक होनी चाहिए।

3. अतएव अनुरोध है कि अपने विभाग से संबंधित विभागीय प्रतिवेदन, भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं गत वर्ष के माननीय राज्यपाल अभिभाषण का अनुपालन प्रतिवेदन दो प्रतियों में (हार्ड कॉपी) तथा एक सी0डी0/पेन ड्राईव (सॉफ्ट कॉपी) **(M.S. Word Package, Font-Kruti Dev 010)** के साथ दिनांक–10.01.2025 तक निश्चित रूप से उपलब्ध कराने की कृपा करें। विदित हो कि अभिभाषण का प्रारूप तैयार करने में कम–से–कम 15 दिनों का समय लगता है। आगामी सत्र फरवरी, 2025 के द्वितीय सप्ताह में संभावित है।

4. साथ ही, माननीय राज्यपाल के अभिभाषण, 2025 हेतु अपने–अपने विभागों के लिए एक नोडल पदाधिकारी को नामित करते हुए उनका नाम, पदनाम, मोबाईल संख्या एवं ई–मेल की सूचना संसदीय कार्य विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय, जिनसे आवश्यकतानुसार सम्पर्क किया जा सके।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाय।

विश्वासभाजन,
16/12/24
(अनुपम कुमार)
सचिव।

ज्ञाप संख्या–सं0का0–1/वि0मं0(राज्यपाल अभि०)–01–03/2024–1109/ पटना, दि०–16.12.2024

प्रतिलिपि–मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

16/12/2024
(सुशील कुमार मिश्र)
सरकार के उप सचिव।

ज्ञाप संख्या–सं0का0–1/वि0मं0(राज्यपाल अभि०)–01–03/2024–1109/ पटना, दि०–16.12.2024

प्रतिलिपि–आई0टी0 मैनेजर, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/12/2024
सरकार के उप सचिव।

13-12-2024